Title: Need for early commissioning of Bokaro and Navinagar Thermal Power Stations in Bihar

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): बोकारो थर्मल पावर स्टेशन 'ए' प्लांट करीब दो वर्षों से बंद है और इसके बंद होने से प्रत्येक माह करीब 3.5 करोड़ रुपए का घाटा हो रहा है और इससे हजारों कार्मिक प्रभावित हैं। इस विषय पर माननीय विद्युत मंत्री, भारत सरकार का भी स्थल निरीक्षण हुआ, परंतु सरकारी कार्यों में लम्बी प्रक्रियाओं के कारण मामले का त्वरित निपादन नहीं हो रहा है।

इसी प्रकार प्रस्तावित नवीनगर थर्मल पावर स्टेशन के निर्माण का मामला भी माननीय विद्युत मंत्री, भारत सरकार की इच्छाशक्ति से 11वीं पंचवर्षीय योजना में लाभ हेतु एक निर्यातोन्मुखी परियोजना के रूप में शामिल हुआ, परंतु यह प्रस्तावित निर्माण करीब 15 वर्षों से लम्बित है और बिहार सरकार भी इसके निर्माण हेतु आवश्यक सहयोग देने को इच्छुक है। अतः इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर वर्तमान पंचवर्षीय योजना में शामिल किया जाना चाहिए।

अतः सरकार से आग्रह है कि बोकारो थर्मल पावर स्टेशन और नवीनगर थर्मल पावर स्टेशन को शीघ्र चालू कराने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।